तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024


12 शोभायात्रा के साथ स्थापित होगी माता रानी की प्रतिमा


14 रूद्रेश्वर महादेव घाट में सैकड़ों अनजान मृतकों का हुआ पिंडदान



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### मल्हारी में तीन से कबड्डी चार को देव दशहरा

**नगरी।** ग्राम पंचायत मल्हारी में ठाकुरदेव दशहरा के अवसर पर ठाकुर देव युवा समिति व ग्रामवासियों द्वारा दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 4 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 10024 रूपये, द्वितीय 7024, तृतीय 3524 व चतुर्थ पुरस्कार 2024 रूपये दिया जायेगा। 4 अक्टूबर को देव दशहरा पर्व मनाया जायेगा।

### मेघा में नवरात्रि महोत्सव 5 से

**मगरलोड।** ग्राम मेघा के स्टैंड मेघा में ग्रामवासी एवं दानदाताओं के सहयोग से नवरात्रि महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर से किया जा रहा है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 5 अक्टूबर शनिवार को बोल बम रामधुनी परिवार भरदा, 7 अक्टूबर को भूपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साल्हेटोला, 9 अक्टूबर को शंभू गौरा लोक कला नृत्य झांकी ग्राम सोनेवारा, 10 अक्टूबर को रिकार्डिंग डांस व 11 अक्टूबर को रंग छत्तीसगढ़ी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। शरद पूर्णिमा पर 17 अक्टूबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ी लोककला मंच छाया चंद्राकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### खरेंगा में नवरात्रि पर होगा नाचा महोत्सव

**धमतरी।** अंचल के चौक-चौराहों में दुर्गा स्थापना की तैयारी हो चुकी है। नवरात्रि पर्व के अंत में दशहरा तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। रामखिलावन साहू, ओंकार साहू ने बताया कि ग्राम खरेंगा के बाजारपारा में इस साल भी नव दुर्गात्सव समिति द्वारा नाचा महोत्सव का कार्यक्रम होगा। नाचा महोत्सव 4 से 10 अक्टूबर तक होगा। रामनारा महाराष्ट्र, कंकालीन गुरूर, सिकोसा बालोद, बरही सांकरा, मोखा पचपेड़ी, बनचरोदा गौरभाटा, कसही का नाचा होगा। परसुली ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, मेघनाथ साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व पर दुर्गा की स्थापना लीला चौक में की जायेगी यहां जसगीत जगराता व बच्चों का कार्यक्रम होगा।

### जल जगार महोत्सव की तैयारी पूरी, सुरक्षा के लिए 350 जवान होंगे तैनात

# बरदिहा लेकव्यू में ड्रोन शो, गार्डन में कबाड़ से जुगाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जल जगार महोत्सव में लोगों को बताया जाएगा कि मोटरबोट के इस्तेमाल के बिना ही पानी में खूब मौज मस्ती की जा सकती है। इसके तहत विभिन्न प्रकार के वाटर स्पोर्ट्स का प्रदर्शन होगा। उत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कबाड़ से जुगाड़ वाले आइटम भी फाइनल स्टेज पर है।

जल संरक्षण को लेकर प्रदेश का ही नहीं बल्कि सम्भवतः देश का पहला बड़ा इवेंट गंगरेल बांध में होने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जल जगार महोत्सव 5 और 6 को होगा। इसके लिए जिला प्रशासन जोर-शोर से तैयारी में जुटा हुआ है। गंगरेल बांध में सभी विभाग के अधिकारी तैयारी में जुटे हैं। मुख्य आकर्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन शाम 6 बजे होने वाला ड्रोन शो है जो बरदिहा लेकव्यू में होगा। कॉटेज से ड्रोन उड़ाया जाएगा। रुद्राभिषेक दोनों दिन शाम 5 बजे बरदिहा लेकव्यू में होगा। जल ओलम्पिक भी यहीं होगा। जबकि कबाड़ से जुगाड़, नवरात्रि मेला रेस्ट हाउस के सामने गार्डन में होगा। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा कुछ इवेंट के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। जल ओलंपिक के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपये, नवरात्रि मेला के लिए प्रति व्यक्ति 20 रुपये और कैम्पिंग लिए 999 रुपए प्रतिदिन शुल्क रखा गया है।







### रहेगी तगड़ी सुरक्षा

पुलिस भी सुरक्षा को लेकर अपनी प्लानिंग कर चुकी है। गंगरेल में उत्सव के दौरान 350 जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 100 से अधिक स्थानों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा चुका है। कार्यक्रम स्थल तक जाने के लिए रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। पार्किंग के लिए तीन स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पैदल सफर करना पड़ेगा। कार्यक्रम में एक समय में 5 से 10 हजार लोगों की भीड़ के उपस्थित रहने की उम्मीद है, जिसके हिसाब से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम पानी के अथाह भंडार के पास हो रहा है, इसलिए सुरक्षा भी तगड़ी रखी गई है। चार स्थानों पर मेडिकल टीम भी तैनात की जाएगी।

### विलुप्तप्राय वाद्ययंत्रों की होगी प्रस्तुति

जल जगार महोत्सव को लेकर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी बुधवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में एक प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दो दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जीवन में इसे उतार लें तो यह पर्यावरण से जुड़ जाएगा और जीवनभर और जीवन के बाद भी साथ रहेगा। ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित सभी देव पर्यावरण से जुड़े हुए हैं। रुद्राभिषेक के माध्यम से पर्यावरण और उनकी आराधना की जाएगी। यह आयोजन भव्य होगा, जिसमें कई विलुप्तप्राय वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति होगी। नया जेनरेशन इन वाद्ययंत्रों को शायद ही सुने होंगे।

### सुगम होगी जाने की व्यवस्था

कार्यक्रम गंगरेल बांध में हो रहा है जो धमतरी से 11 किमी दूर है। ऐसे में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना लोगों को लिए काफी तकलीफदेह हो सकता है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गंगरेल तक पहुंचने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है जो 10 रुपए में धमतरी से गंगरेल पहुंचाएगी। ये ई-रिक्शा अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा, विंध्यवासिनी मंदिर सहित शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में रहेगी।

# क्रिप्टो करेंसी मामले में कंपनी का हेड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करने पर ज्यादा फायदा दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम कमीशन में पाने वाले औरा बिटक्वाईन एवं बिग बिटबुल कंपनी के हेड को धमतरी की पुलिस टीम ने कलकत्ता से गिरफ्तार किया है। क्रिप्टो करेंसी मामले में एक आरोपी की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार निर्मल सार्वा एवं मेहताब आलम ने बिटक्वाईन नामक क्रिप्टो करेंसी पर इन्वेस्ट करने पर ज्यादा फायदा का प्रलोभन दिया। भूपेश चौधरी ने दोनों को दो वर्ष तक 18 लाख 27 हजार रूपये ट्रांसफर किया। इसके अतिरिक्त भूपेश के अन्य दो परिचितों को भी औरा बिटक्वाईन कंपनी में अधिक लाभ मिलने का झांसा देकर बड़ी रकम निवेश कराया गया। उक्त रकम आजपर्यन्त पीड़ितों को वापस नहीं मिली। श्री चौधरी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने औरा बिटक्वाईन कंपनी छग के हेड निर्मल सार्वा व मेहताब आलम के खिलाफ अपराध दर्ज किया। प्रार्थी व पीड़ितों की गवाही पश्चात आरोपी निर्मल सार्वा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरे आरोपी मेहताब आलम से पूछताछ में उसने आरोपी राजू गुप्ता को औरा बिटक्वाईन एवं बिग बिटबुल कंपनी का हेड होना बताया। राजू गुप्ता द्वारा उक्त कंपनियों को संचालित कर प्रचार-प्रसार किया जाता था। कंपनियों में लोगों के इन्वेस्ट करने पर राजू गुप्ता को मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। आरोपी राजू गुप्ता द्वारा अपनी निजी फायदे के लिए लोगों को झांसा देकर उक्त कंपनियों में धोखाधड़ी कर पैसा जमा कराया गया। जमा रकम आज तक लोगों को वापस नहीं मिली। उक्त कंपनी भी बंद हो गई है।



### पुलिस टीम ने आरोपी को कलकत्ता में दबोचा

क्रिप्टो करेंसी मामले की जांच में जुटी पुलिस की टीम आरोपी राजू गुप्ता की तलाश करने कलकत्ता एवं पं. बंगाल रवाना हुई। टीम ने आरोपी राजू गुप्ता को पकड़कर कड़ाई के साथ पूछताछ की। आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी राजू गुप्ता से धोखाधड़ी की घटना में उपयोग किए गए मोबाइल को सिम सहित जब्त कर लिया। वहीं आरोपी राजू गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता उम्र 41 वर्ष निवासी सराय वार्ड बिहार, वर्तमान कलकत्ता निवासी को गिरफ्तार कर स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट सीजेएम न्यायालय में पेश किया जहां से ट्रांजिट रिमाण्ड पर लेकर धमतरी लाकर रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### पुलिस टीम का रहा योगदान

इस कार्रवाई में एसआई अमित बघेल, प्रआ दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपूत व साजिद अली का सराहनीय योगदान रहा।

### भालुओं के हमले से बुजुर्ग घायल

**धमतरी।** मिली जानकारी के अनुसार नगरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ठेनही के आश्रित ग्राम अर्जुनी निवासी केशनाथ नेताम उम्र 77 वर्ष मंगलवार को घर के पीछे स्थित बाड़ी में दातून तोड़ने गया था। बुजुर्ग पेड़ से दातून तोड़ रहा था। इसी दौरान दो भालुओं ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। भालुओं ने उसके सिर व जांघ को नोच लिया। बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है। भालुओं को हमला करते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया जिससे भालू बुजुर्ग को छोड़कर जंगल में भाग गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए तत्काल नगरी अस्पताल लाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखकर उसे धमतरी रिफर कर दिया गया। घायल का शहर के अस्पताल में उपचार जारी है।



## 18 बॉटल बटवाइजर बियर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र की शराब दुकान से मोटरसाइकिल में अवैध रूप से 18 बॉटल अंग्रेजी बटवाइजर बियर ले जाते रानीतराई थाना क्षेत्र के दो आरोपियों को पुलिस ने कुर्रा चौक में पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

भखारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुर्रा की शराब भट्ठी से शराब निकालकर शराब बिकी करने हेतु ले जा रहा है। संदेह पर कुर्रा चौक में दिनेश ठाकुर पिता कृपाराम ठाकुर उम्र 38 वर्ष ग्राम अशोगा के कब्जे से 18 बॉटल अंग्रेजी बटवाइजर बियर एवं आरोपी प्रवीण वर्मा पिता स्व. गजेन्द्र वर्मा उम्र 34 वर्ष ग्राम बीजाभाठा के कब्जे से याम्हा एफजेड मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीके 3230 को जब्त कर पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर आरोपियों को भेजा है। उक्त दोनों आरोपी रानीतराई थाना अंतर्गत दुर्ग जिले के हैं।

# भटकते मूकबधिर बच्चे को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- मेचका पुलिस का सराहनीय कार्य

घर से बिना बताए निकले मूकबधिर बच्चे को मेचका पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में पुलिय को निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों का परिपालन करते पुलिस महिला व बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। इसी क्रम में श्याम महानंद पिता भागीरथी उम्र 18 वर्ष निवासी बालोद आभूषणपारा स्थायी निवास कमलाहांडी ओडिशा जो बोल नहीं सकता है, सोमवार को घर में बिना बताए कहीं निकल गया था। उसे ग्राम गाताभर्री में भटकते पाया गया। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा मेचका थाने को दी गई। थाना प्रभारी स्टाफ के साथ तत्काल गाताभर्री पहुंच उसके परिजनों के बारे में पतासाजी कर मोबाइल के माध्यम से सूचना दी। परिजनों को मेचका थाना बुलाकर किशोर को सही सलामत उनके सुपुर्द कर दिया। खोये बच्चे को पाकर परिजन खुश हो गए। परेशान पिता व परिजनों ने श्याम महानंद के सही सलामत मिलने पर धमतरी पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस कार्य में मेचका थाना प्रभारी एएसआई राधेश्या बंजारे, प्रआ नकुलराम सहित स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



# नगरी रोड में खड़े टैंकर से टकराई बाइक, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सड़क में अचानक मवेशी के दौड़ जाने से अनियंत्रित बाइक खड़े टैंकर से टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम दलदली निवासी रितिक कुंजाम उम्र 22 वर्ष बुधवार को बाइक क्रमांक सीजी 05 एएफ 1012 से शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपने दोस्त को देखने आया था। जहां से दोपहर को नगरी मार्ग से होते हुए अपने घर दलदली लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम सियादेही के आगे ढाबा के पास बाइक के सामने से अचानक मवेशी दौड़ गया जिसके कारण पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर खड़े टैंकर से टकरा गई। घटना में युवक घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान अपने सहयोगी डोमन साहू के साथ घटनास्थल पहुंच घायल युवक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। घायल का उपचार जारी है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### श्रद्धालुओं में उत्साह, गरबे की रहेगी धूम

# मंदिरों में जलेंगे आस्था के जोत

- नगर समेत ग्रामीण अंचल के चौक-चौराहों में स्थापित होगी मां अंबे की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आज से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। मंदिरों में इसकी तैयारी हो चुकी है। पहले दिन ज्योति कलश की स्थापना के साथ माता की आराधना शुरू होगी। मूर्ति स्थापना के पंडाल भी सजकर तैयार हैं। विभिन्न संस्थाओं और समाज द्वारा गरबा उत्सव की भी तैयारी की जा रही है।

इस बार नवरात्रि 10 दिनों की पड़ रही है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बुधवार को पितृ मोक्ष के बाद गुरुवार से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि 12 अक्टूबर को नवमी के दिन समाप्त होगी। तिथियों में परिवर्तन के चलते 12 अक्टूबर को ही विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस बार शहर में बड़ी संख्या में माता दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जा रही है। जिसके लिए पंडाल सजकर तैयार हैं। बुधवार को दिनभर मूर्ति स्थापना के लिए माता की प्रतिमा ले जाने का सिलसिला चलता रहा। उधर विभिन्न संस्थाओं और समाज द्वारा गरबा उत्सव की तैयारी की जा रही है। शहर में झंकार गरबा, नवरंग गरबा नाइट सहित ब्राह्मण, साहू, सिंधी, गुजराती समाज सहित अन्य समाज द्वारा गरबा नाइट्स का आयोजन किया जाएगा। मां कालिका मंदिर, बालाजी कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर भी गरबा उत्सव की तैयारी चल रही है।



### एक दिन पहले सूर्यग्रहण

नवरात्रि के एक दिन पहले बुधवार को साल 2024 का दूसरा सूर्यग्रहण लगा। इससे लोगों में भय है कि यह ग्रहण नवरात्रि की पूजा को प्रभावित करेगा। पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि सूर्य ग्रहण का नवरात्रि की पूजा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह सूर्यग्रहण भारत में प्रभावी नहीं था और न ही इसका कोई सूतक लगा। श्रद्धालु शांत मन से खुशी-खुशी नवरात्रि की पूजा कर सकते हैं।



### कौमी एकता का प्रतीक नगरी का नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव धूमधाम से मनेगा

# शोभायात्रा के साथ स्थापित होगी माता रानी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नव आनंद कला मंदिर नगरी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष कौमी एकता का प्रतीक नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीराम नवयुवक परिषद नगरी के महासचिव नरेश छेदैहा ने बताया कि 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही नवरात्रि महोत्सव नगर में विगत 73 वर्षों से केवल एक ही स्थान राजाबाड़ा गांधी चौक पर माता रानी का आकर्षक पंडाल सजाया गया है। इस आयोजन के प्रति लोगों के मन में गजब का उत्साह रहता है। इसे सभी जाति और धर्म के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। इसे नगरी की कौमी एकता और भाईचारा की मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इसका शुभारंभ माता रानी की विशाल शोभायात्रा के साथ होता है। शोभायात्रा नगर पंचायत नगरी से कार्यक्रम स्थल गांधी चौक, राजाबाड़ा तक निकाली जाती है। महिलाएं कलश धारण कर अटूट सहभागिता प्रदान करती हैं। नगरी के गांधी चौक राजाबाड़ा पर प्रतिमा स्थापना के साथ 9 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर स्थित ऐतिहासिक दंतेश्वरी मंदिर के ज्योति कक्ष में भक्तों की मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। नगर पुरोहित द्वारा प्रतिदिन वृहद रुप से माता रानी की पूजा अर्चना की जाती है। इस आयोजन में 14 रामायण मंडलियां भाग लेंगी।

कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्याय होरीलाल पटेल, पुरुषोत्तम निर्मलकर, हरीश यादव, रुप नारायण साहू, पुष्पेंद्र साहू, शैलेंद्र लाहोरिया, सचिव जसपाल सिंह खनूजा, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, सहसचिव अशोक पटेल रोहित सिन्हा, नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष बृजलाल सार्वा, ललित निर्मलकर, सुरेश साहू, सचिव प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सहसचिव दीनदयाल सरपा, श्रीराम नव युवक परिषद के अध्यक्ष गजेन्द्र कंचन, सचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव भरत साहू, खिंवराज बैस, रूपेश साहू, प्रशांत साहू समेत नगरवासी जुटे हुए हैं।

#### पूजा में बीनवा छेना का उपयोग

नगरी में मनाए जाने वाली नवरात्रि महोत्सव पर माता रानी की पूजा में बीनवा छेना का उपयोग होता है। दशांक और धूप की आहुति के लिए बीनवा छेना में आग प्रज्ज्वलित की जाती है। बीनवा छेना अर्थात प्राकृतिक रूप से बना हुआ कंडा है। इसका अर्थ यह भी होता है कि खेत खलिहान के गोबर पड़े पड़े सूख जाते हैं। गोबर के इसी सूखे हुए रूप को बीन लिया जाता है। इस कारण इसे बीनवा छेना कहा जाता है। यह परंपरा 73 साल पुरानी है जो आज भी कायम है।



#### चकमक पत्थर से ज्योति प्रज्ज्वलित करने की परंपरा

नगरी में नवरात्रि महोत्सव पर पत्थर से आग उत्पन्न कर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करने की अनोखी परंपरा है। 24 सितंबर 1952 को शनिवार को राशि कन्या संध्या 5:41 बजे प्रथम नगर पुरोहित कामता प्रसाद शर्मा एवं एवं नारायण प्रसाद तिवारी द्वारा बोहारराय गौर के चकमक पत्थर से मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। चकमक पत्थर से आग उत्पन्न करने की यह अद्भुत परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

#### बस्तर महाराज प्रवीरचंद्र भंजदेव ने बसाया था नगर

नगर व्यवस्था समिति नगरी के पूर्व अध्यक्ष ललित प्रसाद शर्मा बताया कि दंडकारण्य क्षेत्र राम वन गमन पथ पर बसा पौराणिक पारंपरिक नगर नगरी को बस्तर महाराज प्रवीरचंद्र भंजदेव ने बसाया था। नगरी की पहचान धर्मनिरपेक्ष नगर के रूप में हुई है। जहां तन मन धन से सहयोग कर नगरी के गांधी चौक राजाबाड़ा परिसर में एक ही स्थान पर मूर्ति की स्थापना करके धार्मिक सहिष्णुता एवं भाईचारा के मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

## आज से शारदीय नवरात्रि, आदिशक्ति की भक्ति में डूबने को क्षेत्रवासी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद





नगर सहित क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि दुर्गोत्सव की तैयारी पूरी हो गई है। बुधवार को कुरुद नगर के विभिन्न पंडालों में जगतजननी माता दुर्गा की मनभावन प्रतिमा विराजित होंगी। वहीं देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। नगर के देवी मंदिरों को जगमग-जगमग रोशनी से सजाकर माता के आगमन की तैयारी की गई है।

नगर की अधिष्ठात्री देवी मां चंडी, मां काली, मां शीतला, छत्तीसगढ़ महतारी मैया सहित प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में आज से जसगीत से सराबोर मधुर गीतों से भक्ति व आस्था चरम पर होगी। नगर के संजय नगर, सरोजनी चौक, पुराना बाजार, थाना चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, कृषि उपज मंडी, नया बाजार, इंदिरा नगर, कारगिल चौक, धोबनी तालाब, शंकर नगर, सूर्य नमस्कार चौक में पंडाल तैयार हो चुके हैं। समिति के सदस्य नवरात्रि की तैयारी में पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए है। वहीं नगर के खेल मेला मैदान में आकर्षक झूले, मीना बाजार की तैयारी जारी है। दशहरा उत्सव समिति द्वारा खेल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम व दशहरा उत्सव मनाया जायेगा।

## गांधी ने अहिंसा के रास्ते अंग्रेजी हुकूमत की जंजीर तोड़ दिलाई आजादी : राजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

- ग्राम कोलियारी में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई



ग्राम कोलियारी में ग्रामीण कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए कहा कि मोहन से महात्मा गांधी बनने का सफर निश्चित ही गांधी जी के त्याग, तपस्या और बलिदान का घोतक है। देश की आजादी के समय पूरे भारतवर्ष को एक जुटकर नफरत, भेदभाव, छुआछूत की भावना को हटाकर भाईचारा और एकता के सूत्र में पिरोकर अहिंसा के रास्ते 200 साल की अंग्रेजी हुकूमत की जंजीरों को तोड़कर आजादी दिलाई। आजाद भारत के नवनिर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शास्त्री ने जय जवान जय किसान का आह्वान करते करोड़ों भारतीयों की भूख मिटाने और भारत को सबल बनाने अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर बिसौहाराम साहू, राधा मनमोहन साहू, रामरतन साहू, डोमार साहू, गैंदलाल साहू, कुलेश्वर साहू, मुकेश साहू, रामेश्वर निर्मलकर, तोरण, विशालराम, गिरवर, विष्णुराम, जगजीवन, रामाधार, हुमन, विशंभर हेमंत, दीपांशु सहित अनेक ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने दी प्रस्तुति, हुआ हवन पूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

- गोजी में रामधुनी प्रतियोगिता का हुआ समापन

ग्राम गोजी के बाजार चौक में पितृ पक्ष पर ग्रामीणों के सहयोग से 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अखंड रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। 1 अक्टूबर मंगलवार को सरगम रामधुनी मंडली धरमपुरा रायपुर, जय श्री कृष्ण रामधुनी मंडली अरौद, जय श्री राम रामधुनी मंडली टेलावाट चारामा, जय गढ़िया बाबा रामधुनी मंडली कंवर बालोद, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली सिंधौरीकला, मारुति नंदन रामधुनी मंडली कोरगाव ने मनोरम प्रस्तुति दी।

समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला ने की। विशेष अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष बरातूराम गंगोई, उपाध्यक्ष उमेश, वासुदेव साहू, बिशेलाल साहू, सचिव देवलाल पाल,कोषाध्यक्ष संजय साहू, संरक्षक धनसिंग साहू हवन पूजन में शामिल हुए। समापन दिवस पर दाई के दुलार रामधुनी मंडली कंहारपुरी बालोद, मनमोहन रामधुनी मंडली सोहतरा बालोद ,जागृति रामधुनी मंडली असोगा पाटन, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली बंजारी, जय श्री गणेश रामधुनी मंडली भटगांव धमतरी ने दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने भी मंडलियों की प्रस्तुति को भी खूब सराहा और आनंद लिया। इस आयोजन में विशेष रूप से थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, इंदु साहू जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, हेमलाल साहू, गोविंद साहू, रामनाथ साहू, ठाकुरराम साहू, तुकाराम साहू, माखन साहू, मोहन साहू, पुखराज साहू,शंकर साहू सहित अन्य प्रमुख ग्रामीणों का योगदान रहा।

## स्वच्छता केवल परिवेश नहीं बल्कि मन और विचारों को भी शुद्ध करती है : मोहित



- गांधी जयंती पर बालक छात्रावास गट्टासिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आदिवासी बालक छात्रावास गट्टासिल्ली में महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के सिद्धांतों और विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

छात्रावास अधीक्षक मोहित सोनकर ने गांधीजी के स्वच्छता के प्रति समर्पण और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल हमारे परिवेश को ही नहीं, बल्कि हमारे मन और विचारों को भी शुद्ध करती है। छात्रों ने गांधीजी के जीवन पर आधारित नाटक और गीत प्रस्तुत किए, जिनसे उनके अहिंसा, सत्य और स्वच्छता के सिद्धांतों को गहराई से समझाया गया। इसके बाद छात्रावास परिसर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को स्वच्छता के महत्व पर जागरूक करते हुए अपने घर, छात्रावास, स्कूल और समाज में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

नगर साहू समाज ने बापू की जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

## स्वच्छता को जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं : मालकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नगर साहू समाज द्वारा सिविल अस्पताल कुरूद में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रदेश साहू समाज उपाध्यक्ष मालकराम साहू ने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता आजादी से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता और सफाई को गांधीवादी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाया। उनका सपना सभी के लिए संपूर्ण स्वच्छता था। शारीरिक तंदुरुस्ती और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे जरूरी है। गांधी जी का मानना था कि स्वच्छता एक नैतिक जिम्मेदारी है। तहसील साहू समाज के सहलाहकार मनीष साहू ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता से जुड़े विचारों का महत्व इस बात में है कि उन्होंने स्वच्छता को व्यक्तिगत और सामाजिक दायित्व माना और इसे गांधीवादी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाया। गांधीजी का सपना था कि हर व्यक्ति को पूरी तरह से स्वच्छता मिले। गांधी जी के मुताबिक स्वच्छता से शारीरिक तंदुरुस्ती और स्वस्थ वातावरण मिलता है। इस अवसर पर मालकराम साहू, मनीष साहू, रामप्यारे साहू, उत्तम साहू, उमाशंकर साहू, श्रवण साहू, तुकेश साहू, तनिष्क साहू उपस्थित थे।

### विधायक अजय चन्द्राकर समेत अनेक जनप्रतिनिधि करेंगे शुभारंभ

## कुरूद दशहरा महोत्सव पर बिखरेगी सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा

- आज होगी रंगसरोवर की प्रस्तुति, मनोरंजन के लिए सजा मीना बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



फाइल फोटो

कुरुद नगर की 25 साल से चली आ रही दशहरा उत्सव की गौरवशाली परंपरा आज भी कायम है। यहां छत्तीसगढ़ की लोक कला, सांस्कृतिक विधाओं को पल्लवित पुष्पित करने हेतु ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन होते आया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुरुद दशहरा उत्सव के बैनरतले आज छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

आयोजन समिति के महासचिव भानु चंद्राकर ने बताया कि लगातार 25 वर्षों से नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा कुरुद दशहरा महोत्सव 2024 का आयोजन रजत जयंती वर्ष के रूप में किया जा रहा है। 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक नवरात्रि से लेकर दशहरा के दिन तक धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रामलीला मंचन, आकर्षक आतिशबाजी, शोभायात्रा, महोत्सव से जुड़े हुए विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान एवं मीना बाजार का आयोजन नगर क्षेत्र सहित जिले के श्रद्धालुओं एवं कलाप्रेमियों के लिए किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ नवरात्रि के प्रथम दिवस 3 अक्टूबर को समिति के मुख्य संरक्षक अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद, नगर पंचायत के अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व अध्यक्षगण राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, ज्योति चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू एवं संरक्षक मंडल, महोत्सव समिति पदाधिकारी खेल मैदान कुरूद में शाम 7 बजे करेंगे। इस सम्पूर्ण आयोजन के लिए खेल मेला मैदान को तैयार किया जा रहा है। जहां मुख्य मंच की सजावट के साथ दर्शक स्थल को तैयार किया जा रहा। वहीं मैदान में आकर्षक झूले और मीना बाजार की तैयारी भी जारी है।

## अंचल की खबरें

### सांकरा में गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा में महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी चौक पर स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सरपंच शशि ध्रुव ने कहा कि गांधी जी को राष्ट्रपिता कहा जाता है। उन्होंने लोगों को सदैव सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। आज भी उनके कार्यों को याद किया जाता है। मौके पर उपसरपंच पारस साहू वार्ड पंच डिकेश्वर सिन्हा, बाल मंडली अध्यक्ष राजेश्वर सिन्हा, राजू पटेल, गिरवर भंडारी, जन्मेजय साहू, संतोष यादव, दूजराम साहू, बलदाउ यादव, प्रवीण यादव, सचिव मदन सेन, रोजगार सहायिका रूपेश्वरी पटेल, भृत्य रूपेश पटेल, सफाई कर्मी मिलन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश



- रामपुर स्कूल में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में महात्मा गांधी की जयंती को स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ भारत दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने स्वच्छता रैली निकाली और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण, जल ही जीवन, जल है तो कल है, स्वच्छता हमारा कर्तव्य जैसे नारे लगाए गए। बच्चों ने नुकड़ नाटक से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता के महत्व को बताया। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, एस.साहू, पी. शर्मा, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गर्ल्स कालेज में स्वच्छता की शपथ ली गई



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत सभी प्राध्यापकों, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल, कर्मचारियों एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य डॉ. रोहिणी मरकाम ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं कहा कि महात्मा गांधी ने एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना की थी। हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

### छात्रों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई



**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम के तहत प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमा चंद्राकार, स्वीप प्रभारी डॉ. यशोदा साहू, सहायक प्राध्यापक निरूपा साहू, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, डॉ. विनोद कुमार, डॉ सुशीला साहू, अनीता साहू, सुषमा टंडन, नेहा चंद्राकर, नीरज साहू, योगेश साहू समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### कुर्रा में चला स्वच्छता अभियान



**अंवरी।** महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामीण साहू समाज कुर्रा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साहू भवन, ग्राम पंचायत, बाजार चौक, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के आसपास साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष सोमन साहू, सरपंच नारायण साहू, तरुण साहू, मोहन साहू, चैतराम साहू, पूरन साहू, तोरण साहू, लोकेश साहू, चुम्मन साहू उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# क्वांर नवरात्रि पर आज विराजेंगी मां दुर्गा

## कलाकारों ने दिया प्रतिमाओं को अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 3 अक्टूबर गुरुवार से हो रहा है। क्वांर माह की एकम तिथि को नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विधिवत पूजन आरती कर स्थापना की जाएगी। साथ ही अनेक भक्तों द्वारा ज्योत जंवारा भी प्रज्जवलित किया जायेगा। सिर्री क्षेत्र के गांवों में चौक चौराहों में विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा पंडाल सजाया जा चुका है। ग्राम नारी सहित क्षेत्र के मूर्तिकार मां दुर्गा की कुछ प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे भी चुके हैं और माता की स्थापना की तैयारी भी पूरी की जा रही है। नारी के मूर्तिकार दिलीप चक्रधारी में बताया कि उसने इस बार माता दुर्गा की लगभग 70 प्रतिमाएं बनाई जिनकी ऊंचाई 5 से 13 फीट तक है। कीमत 8 हजार से लेकर 28 हजार तक है। उन्होंने बताया कि उनके यहां से धमतरी सहित अन्य जिलों से भी लोग माता की प्रतिमाएं बनवाने पहुंचते हैं जिसका ऑर्डर लेकर अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर उसे पूरा करते हैं। उनके द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रूप भी दिया जा चुका है। नवरात्रि के शुभारंभ होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।



# नवरात्र प्रारंभ एवं महाराज अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

"महाराजा अग्रसेन जयंती" अश्विन शुक्ल प्रतिपदा के दिन धूमधाम से महाराजा अग्रसेन की याद में मनाई जाती है। नवरात्रि के पहले दिन अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। सम्पूर्ण वैश्य समुदाय इनको बड़े हर्ष उल्लास से मनाता है। इनको "अग्रवाल समाज का जन्मदाता" कहा जाता है। "अग्रवाल समाज" की उत्पत्ति इनसे ही हुई है। महाराजा अग्रसेन महादानी, समाजवाद के प्रवर्तक, कर्मयोगी, लोकनायक, समाज सुधारक थे। उनके नाम पर देशभर में अनेक स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, अस्पताल, उद्यान बनाये गये हैं। उनका जन्म द्वापर युग के अंत में और कलयुग की शुरूवात में आज से लगभग 5185 वर्ष पूर्व हुआ था। ये "अग्रोदय" नामक राज्य के महाराज थे जिसकी राजधानी अग्रोहा थी। ये बल्लभ गढ़ और आगरा के राजा बल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र, शूरसेन के बड़े भाई थे। बचपन से बहुत दयालु, न्यायप्रिय, प्रजा को प्यार करने वाले, शांतिप्रिय, धार्मिक प्रवृति के, हिंसा का विरोध करने वाले, बलि प्रथा के विरोधी थे। ये जीव जानवरों से बहुत प्यार करते थे। महाराजा अग्रसेन ने राजा नागराज कुमूद की बेटी माधवी के स्वयंवर में भाग लिया था। माधवी बेहद रूपवान और गुणवान कन्या थी। उससे विवाह करने के लिए इंद्र और दूसरे देवता भी स्वयंवर में आये थे। सभी माधवी से विवाह को इच्छुक थे पर उसने महाराजा अग्रसेन से विवाह किया। इंद्र ने बदला लिया और प्रतापनगर में बारिश नहीं की। अकाल पड़ गया। महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य की खुशहाली के लिए काशी (बनारस) जाकर भगवान शिव की तपस्या की थी। शिव ने उनको दर्शन दिया और माँ लक्ष्मी की तपस्या करने की सलाह दी। फिर महाराजा अग्रसेन ने माँ लक्ष्मी की तपस्या करके उनको प्रसन्न कर दिया। माँ लक्ष्मी ने उनको एक नया राज्य बनाने को कहा और प्रजा की देखभाल करने को कहा। महाराज अग्रसेन अपनी रानी माधवी के साथ सम्पूर्ण भारत के भ्रमण पर निकल गये। वो किसी अनुकूल जगह अपना राज्य बनाना चाहते थे। वो ऐसी भूमि की तलाश में थे जो वीर और पवित्र भूमि हो। एक जगह उनको एक शेरनी अपने बच्चे को जन्म देती दिखी। जन्म लेते ही बच्चे ने महाराजा अग्रसेन के हाथी को खतरा समझकर उनपर हमला कर दिया। अग्रसेन को यह एक शुभ संकेत लगा। उनको दैवीय संकेत लगा कि यह भूमि वीरता से भरी है। इसी जगह इन्होने अपने राज्य "अग्रोदय" की स्थापना। जिस जगह शेरनी के बच्चे का जन्म हुआ था उसे अपनी राजधानी "अग्रोहा" बना दिया। वर्तमान में यह स्थान हरियाणा के हिसार में स्थित है। अग्रवाल समाज इसे अपना "पांचवा धाम" मानता है और इसकी पूजा करता है। यहाँ पर सरकार ने "अग्रोहा विकास ट्रस्ट" की स्थापना की है।







संकलनकर्ता
उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरो चीफ
98261-14710
रवि सिंह राजपूत विज्ञापन प्रभारी
83058-71196
हरिभूमि परिवार
दिलीप देवांगन, दीप शर्मा, संतोष सोनकर, यशवंत साहू, उत्तम धीवर, चंद्रकांत साहू संजय सपहा, नीलेश्वरी यादव
- पेज डिजाइन -
श्रीकांत साहू
88392-12810












## खबर संक्षेप



### आज विराजित होंगी मां दुर्गा

**बगदेही(धमतरी)।** कोर्रा के मूर्तिकार पंकज साहू द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा बनाई गई है। आज मां दुर्गा सभी जगह विराजमान होंगी। सभी भक्त बेसब्री से माता की प्रतीक्षा में हैं। सभी ने पूरी तैयारी कर ली है। मूर्तिकार पंकज साहू ने बहुत सारी प्रतिमा बनाई है जो आज विराजमान होंगी।

### कोड़ेबोड़ में गांधी जयंती पर हुई साफ-सफाई



**सिर्री।** ग्राम कोड़ेबोड में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर साहू समाज द्वारा चौक-चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साहू समाज के पदाधिकारी सहित सदस्यों ने साफ-सफाई में अपना योगदान दिया।

### विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ की बैठक 6 को

**धमतरी।** विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ की आवश्यक बैठक 6 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे पावर हाऊस धमतरी में रखी गई है। संघ के सचिव ओमनलाल साहू ने पेंशनरों से उपस्थित होने की अपील की है।

### बागोडार में नवरात्रि पर होगी रामधुनी

**कुकरेल(धमतरी)।** समीपवर्ती ग्राम बागोडार में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर प्रति रात्रि रामधुनी व जस झांकी का भक्तिमय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में निखिल यादव, छम्मन यादव, विशेष नेताम, चंद्रहास, लीलेश्वर, तिलक जुटे हैं।

### केरेमुड़ा में नाली निर्माण का भूमिपूजन

**नगरी।** कौहाबाहरा पंचायत के आश्रित ग्राम केरेमुड़ा में नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच शिवप्रसाद नेताम, जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी, रामप्रसाद मरकाम, करण मंडावी, इंदल मरकाम, सियाराम, बली मंडावी, ग्रामीण अध्यक्ष समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रांत में भी कबड्डी चैंपियन बनी छाती की टीम



**पुरी।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर छाती की टीम चैंपियन रही। फाइनल मुकाबले में कोरबा जिला को परास्त कर विजेता बना। यह मुकाबला मुंगेली जिला के चारभाठा में आयोजित था। जिला धमतरी का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ छत्तीसगढ़ प्रान्त में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, गांव एवं जिला को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्रांतीय सहसचिव सुदामाराम साहू, जिलाध्यक्ष ललित सिन्हा, जिला समन्वयक थानसिंह साहू, विद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष चैतराम साहू, सचिव नरेन्द्र साहू व सभी पदाधिकारीयों सहसचिव तरुण देवांगन, कोषाध्यक्ष राकेश देवांगन, प्रधानाचार्य ओंकार साहू ने हर्ष जताया है। ये छात्राएं अब भाठापारा बलौदाबाजार में 5 से 8 अक्टूबर को प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेंगी। कबड्डी दल में परिधि साहू, डामनी कंवर, लुकेश्वरी, वर्षा साहू, पल्लवी चंद्राकर, लीना धीवर, वर्षा यादव, कुसुम, चांदनी, कोच तुकेश्वर कुमार, खुशी छाटा शामिल हैं।

---

विगत 21 वर्ष से स्वर्गधाम सेवा समिति अज्ञात मृत लोगों का रही है श्राद्ध

# रूद्रेश्वर महादेव घाट में सैकड़ों अनजान मृतकों का हुआ पिंडदान

**इस वर्ष 658 मृतकों को दिया गया तर्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





बुधवार को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर स्वर्गधाम सेवा समिति ने सैकड़ों अनजान मृतकों का विधिपूर्वक पिंडदान एवं तर्पण किया। रूद्रेश्वर महादेव घाट में हुए श्राद्ध कार्यक्रम में 658 अनजान मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। अर्चना आदर्श महिला मंडली बड़ी करेली की टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी।

रूद्रेश्वर महादेव घाट में सुबह स्वर्गधाम सेवा समिति के जजमानी में पंडित रामअवतार तिवारी ने सभी 658 अनजान मृतकों का विधि विधानपूर्वक पिंडदान और तर्पण कार्यक्रम संपन्न कराया। पितृ तर्पण के अवसर पर चिकित्सक डॉ. रोशन उपाध्याय ने पितर पक्ष के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि क्वांर मास के कृष्ण पक्ष में 16 दिनों का महोत्सव मनाया जाता है। इस पक्ष में जल, भोजन तथा हवन के जरिये पितरों को तर्पण करते हैं। शास्त्र के अनुसार पितृ पक्ष को महोत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान के 24 प्रमुख अवतार हैं। भगवान भी अपने पितरों को तर्पण करते हैं। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। ऊर्जा का रूप बदलते रहता है। हमारे द्वारा दिया गया जल मृत आत्मा व किसी भी योनि में उस योनि में जाकर उसे श्राद्ध तर्पण के रूप में प्राप्त होता है। बछड़ा है तो उसे दूध के रूप में, सिंह है तो पशु आहार के रूप में, गंधर्व योनि में है तो उसे पान के रूप में प्राप्त होता है। डॉ. रोशन उपाध्याय ने बताया कि श्रद्धा, श्राद्ध का विषय है। सामथ्र्य का विषय नहीं है। जितना सामथ्र्य है उतनी ही श्राद्ध करनी चाहिए। सामथ्र्य नहीं है तो मानसिक रूप से भगवान को तर्पण करें लेकिन तर्पण जरूर करना चाहिए। मृत्यु शाश्वत सत्य है। मौत के 10वें दिन तक आत्मा नया शरीर धारण कर लेती है। आत्मा पृथ्वी के अलावा भू-लोक, तपलोक, सतयलोक, महरलोक, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातक सहित अनेक लोकों में भ्रमण करती है। भगवान श्रीराम ने भी श्राद्ध किया है। श्राद्ध पांच प्रकार के होते हैं।

स्वर्गधाम सेवा समिति के महासचिव अशोक पवार ने कहा कि समिति विगत 21 वर्षों से अनजान मृत आत्माओं का तर्पण, पिंडदान करती आ रही है। इस वर्ष सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर 658 मृत आत्माओं को तर्पण, पिंडदान दिया गया। इस कार्य से आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। संस्था के अध्यक्ष एवंत गोलछा ने सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अर्जुन पुरी गोस्वामी, सियाराम साहू, एआर थिटे, एनआर यादव, माधवराव पवार, जगजीवन सिंह, अमन गिरी गोस्वामी, जेएल देवांगन, विशाल गौरी, शिवप्रसाद साहू, अनुराग गुप्ता, शिरोमणि राव घोरपड़े, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, तीरथराज फूटान, राजेश साहू, गोविंद गांधी, राजा श्रीवास्तव, विक्रांत शर्मा, कमलेश ठोकने, हेमराज सोनी, कविता बाबर, दिलीपराज सोनी, विनीता पवार, नीरज जगताप, अमित रणसिंह, संतोष सार्वा उपस्थित थे।

---

## भाजपा हमेशा द्वेष की राजनीति करती है : कविता



- कांग्रेस की न्याय यात्रा में जिला पंचायत सभापति शामिल हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता बाबर कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 महीने में प्रदेश में अराजक घटनाओं में तेज़ी से वृद्धि हुई है। जबसे प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बैठी है। उनका कानून व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। इन्हीं सब बातों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों द्वारा गिरौदपुरी से रायपुर तक यह यात्रा निकाली गई। 2 अक्टूबर को सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की जयंती पर रायपुर में समाप्त हुई। इस दौरान सतनामी समाज के पवित्र स्थल अमर गुफा में तोड़फोड़ के विरुद्ध गिरफ्तार किए गए निर्दोष लोगों की रिहाई, कबीरधाम ज़िले में पुलिस यातना और बर्बरता के कारण हिरासत में प्रशांत साहू की हुई मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा बदले एवं द्वेष की भावना की राजनीति करती है और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्षी पार्टियों पर दोषारोपण कर फर्ज़ी गिरफ़्तारी और छापे डलवाकर परेशान करने का कार्य करती है। यात्रा में पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, कांग्रेस के महासचिव मलकीत सिंह गैंदू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव, जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, सुमन साहू, राजकुमारी दीवान, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, राजा देवांगन समेत प्रदेश भर से कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

---

**विधायक चंद्राकर ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान**

## स्वच्छता को अपनी आदत में करें शामिल : अजय





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

**ग्राम पंचायत गातापार की ग्रीन आर्मी सदस्यों का किया सम्मान**

महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम पंचायत गातापार (कोर्रा) में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के उद्देश्य को साकार किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ मिलकर श्रमदान किया और क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। साथ ही ग्रीन आर्मी सदस्यों को स्वच्छता किट प्रदान कर उनका सम्मान भी किया।

इस दौरान मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चंद्राकर ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को समाज का अहम हिस्सा बताया था। स्वच्छता से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक समृद्धि भी आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन को अपनी आदतों में शामिल करते हुए इसे सफल बनाने हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों से बचाव होता है बल्कि यह समाज की शारीरिक व मानसिक समृद्धि में भी सहायक होता है। तत्पश्चात श्री चंद्राकर ने भाजपा सदस्यता अभियान अंतर्गत लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलवाई।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद यदु, वरिष्ठ भाजपा नेतागण भीम साहू, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, सतीश जैन, नन्दकुमार साहू, फनेन्द्र सिन्हा, दुर्गेश साहू, गणेश साहू, भावप्रकाश साहू, कन्हैया सिन्हा, सुग्रीव नेताम, मुरली साहू, गीतेश्वरी साहू, राजेन्द्र साहू, पदमन साहू, रामनारायण नागरची, कोर्रा सरपंच चोवाराम साहू, उपसरपंच आशीष साहू, गातापार सरपंच नकछेड़ाराम, ग्रीन आर्मी सदस्य झामिन महार, रूक्मणि साहू, चंद्रिका सिन्हा सहित पंचगण, सचिव व स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## गांधी ने शांति, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाया : नीशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम सिवनीखुर्द में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण पश्चात नीशु चन्द्राकर सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने गांधीजी को याद करते हुए कहा कि आज पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद कर रहा है। बापू के आदर्श हमें एक समृद्ध भारत बनाने में मार्गदर्शन करते रहेंगे। गांधी जी के असाधारण व्यक्तित्व व साधनपूर्ण जीवन ने विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाया है। श्री चन्द्राकर ने आगे कहा कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह 2 अक्टूबर को भी राष्ट्रीय पर्व का दर्जा हासिल है। यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म दिवस के तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज है जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यों, विचारों ने देश की स्वतंत्रता और उसके बाद आजाद भारत को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाई। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे।

शिव चंद्राकर ने कहा कि गांधीजी के विचारों को जीवित रखने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष सिवनीखुर्द राजेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि पहले यहां पर गांधी की मूर्ति स्थापित थी लेकिन कुछ असामाजिक व्यक्तियों द्वारा गांधी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर तोड़ा गया जो अशोभनीय एव निंदनीय है। मौके पर श्रीराम केले पूर्व सरपंच झिरिया, शिव चंद्राकर, पुष्पेन्द्र साहू, राजेन्द्र चंद्राकर, खूबलाल साहू, बलराम पटेल, हेमलाल साहू उपसरपंच सिवनीखुर्द, जनकराम साहू, दाऊलाल साहू, खोरबहरा राम साहू, रमेश तारक, सुरेश चंद्राकर, जगतराम ध्रुव, भानुराम साहू, बलीराम साहू, रविन्द्र दीवान, चेतन ध्रुव, जनक कुमार, मनोज ध्रुव, पवन ध्रुव, डॉ.श्रवण विश्वकर्मा, तुलाराम साहू, रोमनाथ साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## दो वार्डों से एक दिन में 100 नए सदस्य जुड़े



- संत घासीदास के रास्ते पर चलकर श्यामाप्रसाद के सपनों को पूरा करना है : राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार चल रहा है। शुक्रवार को श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड और महंत घासीदास वार्ड में भाजपा ने सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार के साथ कविद्र जैन, अरमिन्दर मुंडी, प. राजेश शर्मा, रोहितास मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष बीथिका विश्वास, नम्रता पवार की टीम ने दोनों वार्डों में जनसंपर्क किया। दोनों वार्डों से एक दिन में कुल 100 नए सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेता प. राजेश शर्मा ने बताया कि ठाकुर शशि पवार के नेतृत्व में दो वार्डों में सदस्य जोड़े गए। प. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों का भारत बनाने के लिए हम संत घासीदास के दिखाए रास्ते आगे बढ़ रहे हैं।

---

## शराब दुकान का सुपरवाइजर ही बेच रहा था अवैध शराब

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा



**कुरुद।** छाती की अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर को दुकान से ही अवैध रूप से बेचने ले जा रहे अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 96 पौवा अंग्रेजी शराब, प्रयुक्त एक्टिवा वाहन को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि छाती अंग्रेजी दुकान के सुपरवाइजर दुलेश्वर सिंह द्वारा होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एके 5906 में अंग्रेजी शराब रखकर अपने गांव बिजनापुरी बिक्री करने जा रहा है जिसे पुलिस ने बिजनापुरी रोड इंदु साईं केमिकल फैक्ट्री के पास पहुंकर घेराबंदी कर दबोचा। तलाशी लेने पर एक ग्रे कलर के बैग के अंदर 48 पौवा गोल्डन गोवा विस्की शराब एवं डिक्की में चेक करने पर 48 पौवा गोल्डन विस्की कुल 96 पौवा गोल्डन गोवा विस्की शराब कीमत 12,480 रूपये जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

---

## चिपरीडीह में जैविक कृषि कार्यशाला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्रोग्रेसिव फार्मर समूह छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में ग्राम चिपरीडीह (दर्रा) में 3 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे गौ आधारित कृषि एवं जैविक प्राकृतिक कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें कृषि के क्षेत्र में स्वावलंबन, गौ आधारित जैविक प्राकृतिक कृषि की ओर प्रयास करने, मानव, पशु एवं पर्यावरण के लिए सुरक्षित एवं हितकारी प्राकृतिक कृषि करने, कृषि लागत को कम करते हुए शुद्ध अनाज प्राप्त करने, कीट प्रबंधन एवं कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान करने समेत कृषि के क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने जैसे मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर से डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. गजेंद्र चंद्राकर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक किसानों को जानकारी देंगे। इस दौरान भटा की विशेष प्रजाति निरंजन भटा (महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त कृषक लीलाराम साहू द्वारा) के पौधों का वितरण किया जायेगा। थनेंद्र साहू जैविक कृषक ग्राम हथबंद द्वारा जैविक कीटनाशक का वितरण एवं निर्माण विधि हेतु मार्गदर्शन दिया जायेगा। रानी निषाद द्वारा गोबर, मिट्टी एवं अनाज के दानों से निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट सामग्री, हर्बल गुलाल की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। यह जानकारी मनोज साहू शिक्षक ने दी।





सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर